# 9 जैव विविधता, वन्य जीव एवं अभयारण्य

1. निम्न में से कौनसा अभयारण्य 'जलचरों की बस्ती' के उपनाम से विख्यात है?
(1) वन विहार अभयारण्य– धौलपुर
(2) जयसमंद अभयारण्य– सलूम्बर
(3) रामसागर अभयारण्य– धौलपुर
(4) केसरबाग अभयारण्य– धौलपुर (2)

2. पीवणां सांप की सर्वाधिक संख्या किस अभयारण्य में पायी जाती है?
(1) तालछापर अभयारण्य (2) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य
(3) केसरबाग अभयारण्य (4) राष्ट्रीय मरु उद्यान (4)

**व्याख्या–** राष्ट्रीय मरु उद्यान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा अभयारण्य है। इस अभयारण्य में पीवणां साँप सर्वाधिक संख्या में पाए जाते हैं। यह अभयारण्य प्राचीन जीवाश्मों की शरणस्थली कहलाता है।

3. राजस्थान के टाईगर प्रोजेक्ट हैं –
(1) रणथम्भौर, केवलादेव, मुकंन्दरा
(2) केवलादेव, सरिस्का, मुकुन्दरा
(3) रणथम्भौर, सरिस्का, मुकुन्दरा, रामगढ़ विषधारी
(4) मुकुन्दरा, सरिस्का, दर्रा (3)

**व्याख्या–** रामगढ़ विषधारी अभयारण्य बूँदी को राजस्थान का चौथा टाईगर प्रोजेक्ट बनाया गया है।

4. 'पक्षियों का स्वर्ग' कहलाता है –
(1) खींचन (जोधपुर ग्रामीण) (2) केवलादेव (भरतपुर)
(3) सरिस्का (अलवर) (4) सज्जनगढ़ (उदयपुर) (2)

5. 'गोडावण की शरणस्थली' किस अभयारण्य को कहा जाता है?
(1) केवलादेव (2) तालछापर
(3) राष्ट्रीय मरुउद्यान (4) मुकुन्दरा हिल्स (3)

**व्याख्या–** राष्ट्रीय मरु उद्यान क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा अभयारण्य है। इस अभयारण्य की स्थापना 4 अगस्त, 1980 को की गई। यह अभयारण्य गोडावन की शरण स्थली कहलाता है। इसी अभयारण्य में प्रोजेक्ट 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' 5 जून, 2013 को लॉन्च किया गया।

6. निम्न को सुमेलित कीजिए

| अभयारण्य | जिले |
|---|---|
| (A) रणथम्भौर | i. अलवर |
| (B) सरिस्का | ii. भरतपुर |
| (C) केवलादेव | iii. बाराँ |
| (D) शेरगढ़ | iv. सवाई माधोपुर |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | iii | ii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

(4)

7. निम्न में से असंगत को छाँटिए–

| अभयारण्य | जिले |
|---|---|
| (1) सज्जनगढ़ अभयारण्य | उदयपुर |
| (2) रामगढ़ विषधारी | बारां |
| (3) तालछापर | चुरू |
| (4) सीतामाता | प्रतापगढ़ |

(2)

**व्याख्या–** रामगढ़ विषधारी अभयारण्य बूँदी जिले में है।

8. 'पाइथन पॉइंट' पर अजगर किस अभयारण्य की विशेषता है?
(1) केवलादेव (2) सरिस्का
(3) रणथम्भौर (4) दर्रा (1)

9. गमधर जैव विविधता पार्क किस जिले में स्थित है?
(1) सलूम्बर (2) केकड़ी
(3) ब्यावर (4) उदयपुर (4)

10. काले हिरणों की शरणस्थली के नाम से प्रसिद्ध अभयारण्य है?
(1) तालछापर (2) दर्रा (3) सरिस्का (4) सीतामाता (1)

11. राजस्थान के किस अभयारण्य को 2009 में इको संसेटिव जोन घोषित किया गया है?
(1) सरिस्का (2) केवलादेव
(3) माउंट आबू (4) रणथम्भौर (3)

**व्याख्या–** माउंट आबू अभयारण्य वर्तमान में आबू पर्वत क्षेत्र तक ही सीमित रह गया है। राज्य सरकार ने 25 जून, 2009 को माउण्ट आबू को 'इको संसेटिव जोन' (पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र) घोषित किया गया था लेकिन इस अभयारण्य को 'इको संसेटिव जोन' घोषित करने का फाइनल नोटिफिकेशन 11 नवम्बर, 2020 को जारी हुआ है।

12. निम्न में से असंगत को छाँटिए–

| अभयारण्य | जिले |
|---|---|
| (1) सवाईमानसिंह अभयारण्य | –सवाई माधोपुर |
| (2) रावली टॉडगढ़ | –ब्यावर |
| (3) कैलादेवी अभयारण्य | –करौली |
| (4) राष्ट्रीय मरुउद्यान | –जोधपुर |

(4)

**व्याख्या–** राष्ट्रीय मरुउद्यान अभयारण्य का विस्तार जैसलमेर व बाड़मेर जिले में है।

13. राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण को सामान्य भाषा में 'माल मोरड़ी' किस जिले में कहा जाता है?
(1) अजमेर (2) ब्यावर
(3) केकड़ी (4) डीडवाना–कुचामन (1)

14. टॉडगढ़ रावली अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(1) राजसमंद, पाली, सलूम्बर (2) पाली, उदयपुर, सलूम्बर
(3) ब्यावर, राजसमंद, भीलवाड़ा (4) ब्यावर, राजसमंद, पाली (4)

15. RTDC का होटल झूमर बावड़ी किस अभयारण्य में स्थित है?
(1) सरिस्का अभयारण्य (2) सीतामाता अभयारण्य
(3) रणथम्भौर अभयारण्य (4) केवलादेव अभयारण्य (3)

16. निम्न को सुमेलित कीजिए

| आखेट निषिद्ध | क्षेत्र जिला |
|---|---|
| (A) धोरीमन्ना | I. जोधपुर ग्रामीण |
| (B) देशनोक | II. बाड़मेर |
| (C) फिटकाशनी | III. बीकानेर |
| (D) तिलोरा | IV. अजमेर |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | IV | III |
| (2) | II | III | I | IV |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | IV | III | II | I |

(2)

17. प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड कौनसे अभयारण्य में प्रारम्भ किया गया हैं?
(1) केवलादेव अभयारण्य (2) सज्जनगढ़ अभयारण्य
(3) जमुवारामगढ़ अभयारण्य (4) राष्ट्रीय मरु उद्यान (4)

18. भारत सरकार ने वन्य जीवों के संरक्षण हेतु कानून 'वन्य जीव संरक्षण अधिनियम' को कब से लागू किया है?
(1) 9 सितम्बर, 1972 (2) 9 सितम्बर, 1973
(3) 15 सितम्बर, 1978 (4) 1 सितम्बर, 1976 (1)

19. रणथम्भौर अभयारण्य में 1996–97 में इण्डिया ईको डवलपमेन्ट प्रोजेक्ट किसकी सहायता से प्रारम्भ किया गया?
(1) जापान (2) यू.एस.ए.
(3) रूस (4) विश्व बैंक (4)

20. किस अभयारण्य से बामनी व औराई नदियाँ प्रवाहित होती है?
(1) मुकुन्दरा हिल्स अभयारण्य (2) बस्सी अभयारण्य
(3) जमवा रामगढ़ अभयारण्य (4) सीतामाता अभयारण्य (2)

**व्याख्या–** बस्सी अभयारण्य चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है। यह अभयारण्य चितलों की चहल–पहल के उपनाम से प्रसिद्ध है। इसमें से बामनी व औराई नदियाँ गुजरती है तथा जालेश्वर महादेव का पौराणिक आस्था केन्द्र मौजूद है।

21. राजस्थान के जिलों के शुभंकर वन्यजीव का निम्न में से असुमेलित युग्म है?
(1) टोंक– राजहंस (2) जोधपुर– कुरजां
(3) बाड़मेर–मरू लोमड़ी (4) डूँगरपुर– जंगली धोंक (1)

**व्याख्या–**टोंक का शुंभकर वन्यजीव हंस है।

22. दर्रा वन्य जीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(1) कोटा (2) चित्तौड़गढ़
(3) उदयपुर (4) बारां (1)

**व्याख्या–** इस अभयारण्य की स्थापना राज्य सरकार द्वारा 1 नवम्बर, 1955 को की गई थी। यह अभयारण्य राष्ट्रीय उद्यान व टाईगर प्रोजेक्ट दोनों का हिस्सा है।

23. निम्न में से कौनसा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा है?
(1) कुम्भलगढ अभयारण्य (2) फूलवारी की नाल अभयारण्य
(3) सरिस्का अभयारण्य (4) केलादेवी अभयारण्य (4)

**व्याख्या–** कैलादेवी अभयारण्य (676.82 वर्ग किमी), कुम्भलगढ़ अभयारण्य (610.53 वर्ग किमी), सरिस्का अभयारण्य (544.22 वर्ग किमी), फुलवारी की नाल अभयारण्य (511.41 वर्ग किमी)

24. सीता माता वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटकों की एक रूचि का स्थान लखिया भाटा है, उसके आकर्षण का कारण क्या है–
(1) भेड़ियों की अधिकता
(2) प्रागैतिहासिक पत्थर पर नक्काशी
(3) चम्बल व बामनी नदियों का संगम
(4) पाईथन पोइन्ट (2)

25. राजस्थान में पक्षी प्रजातियों की सर्वाधिक विविधता कहाँ पाई जाती है?
(1) केवलादेव घना पक्षी विहार (2) तालछापर अभयारण्य
(3) राष्ट्रीय मरू उद्यान (4) रणथम्भौर अभयारण्य (1)

**व्याख्या–** यह अभयारण्य पक्षियों का स्वर्ग व पक्षियों की सबसे बड़ी प्रजनन स्थली के नाम से जाना जाता है। पक्षी प्रजातियों की सर्वाधिक विविधता इसी अभयारण्य में पाई जाती है।

26. राजस्थान में गोडावन के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' कब प्रारम्भ किया गया?
(1) 5 जून, 2013 (2) 5 जून, 2016
(3) 5 जून, 2018 (4) 5 जून, 2020 (1)

**व्याख्या–**इस प्रोजेक्ट के तहत सम क्षेत्र (जैसलमेर) गोडावन का कृत्रिम प्रजनन केन्द्र स्थापित किया गया है, इसके अलावा रामदेवरा में भी 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड एग कलेक्शन एंड हैचिंग सेन्टर' स्थापित किया गया है।

27. उड़न गिलहरी के लिए प्रसिद्ध सीतामाता अभयारण्य में इसे स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है–
(1) भेडल (2) मशोवा
(3) भट्ट तीतर (4) आड़ा हुला (2)

28. फुलवारी की नाल अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(1) राजसमंद (2) उदयपुर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) प्रतापगढ़ (2)


**व्याख्या–**फुलवारी की नाल अभयारण्य कोटड़ा (उदयपुर) में स्थित है। इसे 6 अक्टुबर, 1983 को अभयारण्य घोषित किया गया था। इस अभयारण्य से मानसी व वाकल नदियाँ होकर गुजरती है। इस अभयारण्य में देश का पहला 'ह्यूमन एनोटोमी पार्क' विकसित किया जा रहा है।


29. राजस्थान में किस स्थान पर खरमोर पक्षी के संरक्षण हेतु कृत्रिम प्रजनन केन्द्र स्थापित किया गया है?
(1) सोरसन (बारां) (2) सथाना (ब्यावर)
(3) मेनार (उदयपुर) (4) बाप (फलौदी) (2)


30. भारत में बाघ परियोजना की शुरुआत कब की गई?
(1) 1 अप्रैल, 1973 (2) 1 अप्रैल, 1975
(3) 1 अप्रैल, 1982 (4) 1 अप्रैल, 1978 (1)

Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**